आह्वान करते हुए कहा कि सात अक्टूबर को इजराइल पर हमला करके फलस्तीनियों को भयावह परिणाम भुगतने के लिए छोड़ने की जिम्मेदारी हमास की है।मैक्रों ने कहा, हम सभी के लिए आतंकवाद का जाल एक समान है : हिंसा में झोंकना और हमारे मूल्यों को छोड़ देना।उन्होंने कहा, सभी के जीवन का मूल्य समान है और उन लोगों के लिए दोहरे मानदंड नहीं चल सकते जो सार्वभौमिक और मानवतावादी मूल्यों के साथ हैं। गाजा की करीब 70 प्रतिशत जनसंख्या या 15 लाख से अधिक लोग अपने घरों को छोड़कर चले गए हैं और फलस्तीनी क्षेत्रों में संकट से निपटने के लिए लगभग 1.2 अरब डॉलर की जरूरत है। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स को गाजा के लिए एक मानवीय समुद्री गलियारे के लिहाज से अपनी योजना पेश करनी थी, जिसके बारे में उन्होंने कहा है कि इसका उद्देश्य तत्काल, मध्यम और दीर्घकालिक रूप से गाजा को मानवीय सहायता का निरंतर, सुरक्षित उच्च मात्रा में प्रवाह करना है। फ्रांस के अधिकारियों ने कहा कि वे घायलों को गाजा के तटों के पास भूमध्य सागर में स्थित पोत अस्पतालों में पहुंचाने पर विचार कर रहे हैं।

### इजराइल आम नागरिकों की निकासी के लिए प्रतिदिन चार घंटे के लिए हमले रोकने को सहमत : अमेरिका

वाशिंगटन। व्हाइट हाउस ने कहा कि इजराइल बृहस्पतिवार से उत्तरी गाजा में हमास पर अपने हमले प्रतिदिन चार घंटे के लिए रोकने को तैयार है ताकि आम नागरिकों की निकासी सुनिश्चित हो सके। बाइडन प्रशासन ने कहा कि अमेरिका ने गाजा में आम नागरिकों की एक बार फिर सुरक्षित निकासी के लिए मार्ग प्रशस्त किया है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार के आह्वान के दौरान इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से प्रतिदिन संघर्षविराम के लिए कहा था। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि इजराइल ने प्रतिदिन चार घंटे तक हमले रोकने की प्रतिबद्धता जताई है। इजराइल आम लोगों के उन क्षेत्रों से निकलने के लिए एक दूसरा गलियारा भी खोल रहा है, जो हमास के खिलाफ उसके सैन्य अभियान का वर्तमान केंद्र बिंदु है। बाइडन ने कहा कि उन्होंने हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई पर बातचीत के दौरान इजराइल से तीन दिनों से अधिक समय तक हमले रोकने के लिए कहा था। हालांकि, उन्होंने कहा कि सामान्य संघर्षविराम की कोई संभावना नहीं है।

## अमेरिका : कम से कम 10 भारतीय-अमेरिकियों ने राज्य और स्थानीय चुनाव जीते

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका में** कम से कम 10 भारतीय-अमेरिकियों ने देश के अलग-अलग हिस्सों में हुए स्थानीय व राज्य स्तर के चुनावों में जीत हासिल की है। इनमें से ज्यादातर भारतवंशी डेमोक्रेट पार्टी से संबंधित हैं। यह जीत अमेरिका की राजनीति में भारतीय समुदाय के बढ़ते दबदबे को दर्शाती है।हैदराबाद में जन्मी गजाला हाशमी लगातार तीसरी बार वर्जिनिया की सीनेट के लिए निर्वाचित हुई हैं। वह वर्जीनिया की सीनेट में जगह बनाने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी और मुस्लिम महिला थीं।वहीं, सुहास सुब्रमण्यम भी वर्जीनिया की सीनेट के लिए फिर से चुने गए हैं। ह्यूस्टन में जन्मे सुब्रमण्यम पूर्ववर्ती ओबामा प्रशासन के दौरान व्हाइट हाउस में प्रौद्योगिकी नीति सलाहकार रहे थे। वह वर्जीनिया हाउस के लिए निर्वाचित होने पहले हिंदू हैं। व्यापार क्षेत्र के दिग्गज कन्नन श्रीनिवासन भारतीय-अमेरिकियों के प्रभुत्व वाले लाउडन काउंटी क्षेत्र से वर्जीनिया हाउस ऑफ डेलीगेट्स के लिए चुने गए हैं। श्रीनिवासन 90 के दशक में भारत से अमेरिका पहुंचे थे। वर्जीनिया में जीत हासिल करने वाले सभी तीन विजेता डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े हैं। वहीं, न्यू जर्सी से भी तीन भारतीय-अमेरिकियों ने जीत हासिल की है। न्यू जर्सी में भारतीय-अमेरिकी विन गोपाल और राज मुखर्जी राज्य सीनेट के लिए चुने गए हैं।

## भारत को ब्रिटेन सुरक्षित देशों की अपनी सूची में शामिल करेगा

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन सरकार** ने भारत को सुरक्षित देशों की विस्तारित सूची में शामिल करने की योजना पेश की है, जिससे देश से अवैध रूप से यात्रा करने वाले भारतीयों की वापसी की प्रक्रिया तेज हो जाएगी और ब्रिटेन में शरण मांगने की उनकी संभावना खत्म हो जाएगी। बुधवार को हाउस ऑफ कॉमंस में रखे गए मसौदा कानून में भारत और जॉर्जिया को सूची में जोड़े जाने वाले देशों के रूप में शामिल किया गया है। ब्रिटेन के गृह कार्यालय ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य देश की आव्रजन प्रणाली को मजबूत करना और सुरक्षा संबंधी निराधार दावे करने वाले लोगों को प्रणाली का दुरुपयोग करने से रोकना है। देश की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने कहा, हमें सुरक्षित देशों से ब्रिटेन की खतरनाक और अवैध यात्रा करने वाले लोगों को रोकना चाहिए।

**भौतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अरुण कुमार मंडल/ सीमा सिंह/ LBFDB00005124694 | फ़्लैट नंबर-बी-1402, टॉवर-बी, फ़्लोर-14, मलबेरी काउंटी, सेक्टर 70, फ़रीदाबाद/ नवंबर 04, 2023 | जून 23, 2021 रु. 49,43,604/- | दिल्ली/ एन.सी.आर. |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : नवंबर 10, 2023
स्थान : दिल्ली/एन.सी.आर.

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

### हैरिस ने अपने आवास पर पर्व से पहले ही दिवाली मनाई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अपने आधिकारिक आवास पर दिवाली मनाई और इस दौरान उन्होंने मेहमानों से कहा कि प्रकाश के इस त्योहार को मनाना महत्वपूर्ण है क्योंकि दुनिया आज इजराइल और हमास के बीच युद्ध के चलते कठिन और अंधकार के दौर से गुजर रही है।

**PUBLIC NOTICE**

Whereas, Late Mr. Sashi Kant Seth S/o Mr. Ishwar Chander Seth, was the owner of the Residential Plot No. 168, Block M, area admeasuring around 210 Sq. Mtrs., in the residential colony known as South City situated in Villages Silokhera, Jharsa, Tehsil and District Gurugram, Haryana.
Whereas, a Will dated 04.10.2006, was executed by Mr. Shashi Kant Seth in favour of his wife Mrs. Sangeeta Seth which is registered with the office of the Sub-Registrar V, Delhi as document no 7541, whereby, he bequeathed all his movable and immovable property in favour of his wife.
Whereas, Mr. Shashi Kant Seth died on 16.05.2017.
Whereas, by virtue of the said WILL dated 04.10.2006, Mrs. Sangeeta Seth became the owner of the aforesaid Property.
Whereas, Mrs. Sangeeta Seth intends to Sell the aforesaid property to Mr. Rajiv Kumar Kasturia and Mrs. Anu Kasturia.
Any person who has any objection regarding the Sale of the said property by Mrs. Sangeeta Seth, may submit his/her objection within 7 days from the date of the Notice in writing. The said objection may be kindly sent to the undersigned by way of the Registered Post on the address given below and by E-mail.

Priy Mitra Gaur (Advocate)
Trinity Legal Partners
C-401, Fourth Floor, Nirvana Courtyard, Nirvana Country, Sector-50, Gurugram-122018
E: priymitra@trinitylegalpartners.com

# ब्रिटेन के पीएम सुनक, उनकी पत्नी अक्षता ने डाउनिंग स्ट्रीट में दिवाली के दीए जलाए



**भाषा।** लंदन

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट (ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का आधिकारिक आवास) पर एक विशेष समारोह में दिवाली के दीपक जलाए। इस समारोह में कई भारतीय प्रवासी, सांसद, उद्यमी और बॉलीवुड हस्तियां शामिल हुईं। सुनक के ब्रिटेन के भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के एक साल पूरे करने के मौके पर 10 डाउनिंग स्ट्रीट को बुधवार शाम गेंदे के फूलों और मोमबत्तियों से सजाया गया। दिवाली मनाते समय सुनक ने उस शानदार पल को याद किया, जब वह भारतीय मूल के पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने के लिए नई दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे थे। सुनक ने कहा, दिवाली हम सभी के लिए और हमारे परिवारों के लिए एक शानदार पर्व है, लेकिन मेरे लिए यह पिछले साल इस अवधि में प्रधानमंत्री बनने की अद्भुत यादों को भी ताजा कर देता है। उन्होंने कहा, यह अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत, कुछ वास्तविक प्रगति और निश्चित रूप से ऐसी यादों का साल रहा है, जो जीवनभर मेरे साथ रहेंगी...। भारतीय मूल के पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में जी20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत जाना और विश्व मंच पर भारत के लिए इस बड़े पल के दौरान मोदी जी के साथ रहना एक अविश्वसनीय क्षण था। सुनक ने कहा, वह हम सभी के लिए बहुत खास पल था, क्योंकि हमने देखा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत में विकास के लिहाज से क्या हुआ है। यह हर किसी के लिए गर्व का पल था। यह एक अविश्वसनीय सफलता थी।

### पाकिस्तान में भारी स्मोग के चलते हज़ारों लोग बीमार पड़े, स्कूल, बाजार बंद

**लाहौर।** पाकिस्तान की सांस्कृतिक राजधानी लाहौर के ऊपर जहरीले धुएं की चादर ने हजारों लोगों को बीमार कर दिया है।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री छोटू ने ग्राम अछरौंडा, परगना और तहसील और जिला मेरठ यूपी में स्थित प्लॉट नंबर 64 पर बने मकान, एरिया परिमाप 59.22 वर्ग गज यानी 49.51 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 166 में से, बिक्री विलेख दिनांक 12.07.2005 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री बाली सेव हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से ऋण ले रहे हैं। श्री छोटू ने बिक्री विलेख दिनांक 20.05.2003 पुस्तक सं. 01 खंड सं. 2088 पृष्ठ 337/344 क्रमांक सं. 5252, को खो दिया है जिसकी सूचना श्री छोटू ने 08.11.2023 को मेरठ पुलिस को दी है एलआर नंबर 20230000757598 है और यदि किसी व्यक्ति को यह दस्तावेज़ मिले या उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफएफ18, लोटस पॉन्ड प्लाज़ा, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद 201014
ईमेल sgassociatespl@gmail.com, फोन 7011172764, 8130200837

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ओम वती पत्नी श्री बल राम सिंह ने ग्राम हैबतपुर, परगना और तहसील-दादरी, जिला-गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश में स्थित एरिया परिमाप 70 वर्ग गज के आवासीय प्लॉट, खसरा नंबर 56ख में से, श्री संजय पुत्र श्री अटरू से खरीद रही है, जो राजस्व के रिकॉर्ड के अनुसार फसली वर्ष 1427-1432 से शुरु होने वाली खतौनी के माध्यम से खसरा नंबर 56ख में से निकाली गई एरिया परिमाप 1.1640 हेक्टेयर भूमि के सह-मालिकों में से एक है। और उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा वित्त और बंधक भी होना है। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते है कि यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा/अधिकार/स्वामित्व/ हित/बंधक बनाने में कोई आपत्ति है तो वह आज से 7 दिनों के भीतर अपनी आपत्तियों के बारे में नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में सूचित कर सकता है। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार आदि से मुक्त है।

लुसेम लीगल एलएलपी
प्लॉट नंबर 136, (बेसमेंट) उदय पार्क, नई दिल्ली-110049, संपर्क # 011-40046316

**RAMPUR FERTILIZERS LIMITED**

Registered Office: Judges Bareilly Road, Rampur 244 901 (U.P.)
CIN: L15136UP1988PLC010084
EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER / HALF YEAR ENDED ON 30 SEPT., 2023.

(Rs. In Lacs)

| S. No. | Particulars | Standalone Results | | | | Consolidated Results | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Year Ended | Quarter ended | Year ended |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited | Unaudited | Audited |
| | | 30.09.2023 | 30.06.2023 | 30.09.2022 | 31.03.2023 | 30.09.2023 | 31.03.2023 |
| 1 | Total Income from Operations | 547.86 | 630.56 | 866.48 | 3230.04 | 547.86 | 3230.04 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before tax, exceptional items) | -26.75 | -53.75 | -70.91 | -331.54 | -26.75 | -331.54 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after exceptional items) | -28.62 | -53.75 | -70.91 | -331.54 | -28.62 | -331.54 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax | -28.62 | -53.75 | -113.86 | -338.2 | -28.62 | -338.2 |
| 5 | Net Profit after comprehensive income | -30.18 | -53.75 | -105.65 | -345.54 | -30.18 | -345.54 |
| 6 | Net Profit / (Loss) after taxes, & Share of Profit / (Loss) of Associates | -30.18 | -53.75 | -105.65 | -345.54 | -3.43 | -334.75 |
| 7 | Paid up Equity Share Capital | 494.82 | 494.82 | 494.82 | 494.82 | 494.82 | 494.82 |
| 8 | Earnings/(loss) per share (of Rs. 10/- each) (not annualised, in Rs.) for continuing and discontinuing operations. Basic / Diluted | -0.61 | -1.09 | -2.14 | -6.83 | -0.07 | -6.77 |

NOTES:
1 The above is an extract of the financial results for the quarter / half year ended on 30th Sept. 2023 filed with the stock exchanges under "regulation 33 of SEBI (LODR) Regulation, 2015. The full Financial results for the quarter ended 30th Sept. 2023 are available on "www.msei.in, www.cse-india.com and www.rampurfert.com.

By order of the Board
Sd/-
Anshuman Khaitan
(Managing Director)

Place : Rampur
Date : 09/11/2023

# टू प्लस टू वार्ता का मकसद सुरक्षा सहयोग को गहरा करना: अमेरिकी विदेश विभाग

**भाषा।** वाशिंगटन

**नई दिल्ली** में भारत और अमेरिका के विदेश एवं रक्षा मंत्रियों के बीच इस हफ्ते प्रस्तावित महत्वपूर्ण बैठकों से पहले अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को कहा कि भारत-अमेरिका टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को गहरा करने पर केंद्रित होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर 10 नवंबर को अपने अमेरिकी समकक्षों लॉयड ऑस्टिन और टोनी ब्लिंकन की मेजबानी करेंगे। विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से कहा, भारत एक ऐसा देश है, जिसके साथ हमारी गहरी साझेदारी है। वह (ब्लिंकन) टू प्लस टू सुरक्षा वार्ता के लिए रक्षा मंत्री ऑस्टिन के साथ भारत जाएंगे। इसलिए मुझे उम्मीद है कि सुरक्षा सहयोग और साझेदारी को गहरा करना निश्चित रूप से उन विषयों में शामिल होगा, जिन पर चर्चा की जाएगी। पटेल ने एक सवाल के जवाब में कहा, यह कुछ ऐसा है, जिसे इस वर्ष की शुरुआत में प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी की राजकीय यात्रा के दौरान स्पष्ट रूप से उठाया गया था। मुझे पता है कि मंत्री वहां जाने और अपने समकक्षों के साथ इस पर सीधे बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं।

### भारत साझेदार रहा है : व्हाइट हाउस

वाशिंगटन। व्हाइट हाउस ने बुधवार को कहा कि भारत हमेशा से अमेरिका का प्रमुख रणनीतिक साझेदार रहा है और अब यह नई दिल्ली को तय करना है कि मध्य-पूर्व सहित दुनिया के किसी भी कोने में किसी विशेष संकट या आकस्मिक स्थिति पर उसका क्या रुख होगा।व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में रणनीतिक संवाद के समन्वयक जॉन किर्बी ने कहा, भारत एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार है और मुझे लगता है कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां आए थे, तब आप इस बात को अच्छे से देख और महसूस कर चुके हैं।

**ओके प्ले इंडिया लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : प्लॉट नंबर 17, रोज-का-मेयो इंडस्ट्रियल एस्टेट, तहसील नूह, जिला मेवात, हरियाणा-122103, भारत
सीआईएन : एल28219एचआर1988पीएलसी030347
ई-मेल : investor.relations@okplay.in, वेबसाइट : www.okplay.co.in

30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध-वर्ष हेतु पृथक्कृत और समेकित अ-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | | अर्द्ध वर्ष समाप्त | | वर्ष समाप्त | तिमाही समाप्त | | | अर्द्ध वर्ष समाप्त | | वर्ष समाप्त |
| | | 30-09-2023 अलेखापरीक्षित | 30-06-2023 अलेखापरीक्षित | 30-09-2022 अलेखापरीक्षित | 30-09-2023 अलेखापरीक्षित | 30-09-2022 अलेखापरीक्षित | 31-03-2023 लेखापरीक्षित | 30-09-2023 अलेखापरीक्षित | 30-06-2023 अलेखापरीक्षित | 30-09-2022 अलेखापरीक्षित | 30-09-2023 अलेखापरीक्षित | 30-09-2022 अलेखापरीक्षित | 31-03-2023 लेखापरीक्षित |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 3,073.50 | 3,483.39 | 3,001.42 | 6,556.89 | 6,077.83 | 13,305.86 | 4,044.71 | 4,325.13 | 4,019.35 | 8,369.84 | 8,131.16 | 18,169.37 |
| 2 | शुद्ध लाभ/(हानि), अपवाद मदों तथा कर से पूर्व | 57.75 | 84.40 | (133.61) | 142.15 | (320.38) | 30.53 | 68.89 | 52.85 | (97.03) | 121.74 | (397.48) | 308.11 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पूर्व (अपवाद मदों के बाद) | 53.86 | 84.74 | (142.80) | 138.60 | (340.94) | 7.69 | 65.00 | 53.19 | (106.22) | 118.19 | (418.04) | 285.27 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद मदों के बाद) | 53.86 | 84.74 | (142.80) | 138.60 | (340.94) | (390.08) | 41.47 | 36.20 | (129.92) | 77.67 | (441.74) | (195.77) |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय/(हानि) [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) शामिल है] | 53.86 | 84.74 | (138.70) | 138.60 | (340.94) | (446.66) | 41.47 | 36.20 | (129.92) | 77.67 | (441.74) | (252.35) |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 2,646.10 | 2,219.61 | 1,920.81 | 2,646.10 | 1,920.81 | 1,919.61 | 2,646.10 | 2,219.61 | 1,920.81 | 1,919.61 | 1,920.81 | 1,919.61 |
| 7 | अन्य इक्विटी (संचेय पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) | - | - | - | - | 2,142.23 | 2,036.51 | - | - | - | 5,434.32 | 1,519.65 | 1,708.88 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) | | | | | | | | | | | | |
| | (क) मूल (रू. में) | 0.20 | 0.38 | (0.72) | 0.52 | (1.77) | (2.33) | 0.16 | 0.16 | (0.68) | 0.29 | (2.30) | (1.31) |
| | (ख) तनुकृत (रू. में) | 0.16 | 0.26 | (0.72) | 0.42 | (1.77) | (2.33) | 0.13 | 0.11 | (0.68) | 0.24 | (2.30) | (1.31) |

टिप्पणियां :
1) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन एवं अन्य प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट (www.okplay.co.in) पर उपलब्ध है।
2) उपरोक्त पृथक्कृत एवं समेकित वित्तीय परिणाम बृहस्पतिवार, 09 नवम्बर, 2022 को आयोजित उनकी बैठक में लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित और निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए हैं।

वास्ते ओके प्ले इंडिया लिमिटेड
हस्ता./-
राजन हांडा
प्रबंध निदेशक
(डीआईएन - 00194590)

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 09 नवम्बर, 2023

**ऋण वसूली**

न्यायाधिकरण-I, दिल्ली चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

ओ.ए. सं. 963/2022

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
विरूद्ध
सरताज खान खान

सेवा में,
(1) सरताज खान खान डी/डब्ल्यू/एस/ओ - मोहम्मद इस्लाम एच नंबर सी-81, गली नंबर 11/6, ब्लॉक-सी, चौहान बांगल, दिल्ली-110053 नॉर्थ ईस्ट, दिल्ली-110053
(2) सोफिया खान एच नंबर सी-81, गली नंबर 11/6, ब्लॉक-सी, चौहान बांगल, दिल्ली-110053
(3) मैसर्स सुपरटेक लिमिटेड पंजी. कार्यालय 1114, 11वां तल, हेमकुंट चैम्बर, 89, नेहरू प्लेस, दिल्ली-110019

जबकि उपरोक्त नामक आवेदक ने आपके विरूद्ध रू. 32,56,705/- (रूपए बत्तीस लाख छप्पन हजार सात सौ पांच मात्र) की वसूली के लिए एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषप्रद रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है। इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको दिनांक 28-11-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे विद्वान रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है। (अतिरिक्त विवरण के लिए कृपया डीआरटी वेबसाइट www.etribunal.gov.in देखें फोन नंबर 011-23748473)। ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

वैश्विक महामारी की वर्तमान स्थिति के कारण, सभी मामलों की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से की जाएगी और उस प्रयोजन हेतु :- (i) सभी अधिवक्ता/विवादी "Cisco Webex" ऐप्लीकेशन/सॉफ्टवेयर डाउनलोड करेंगे ; (ii) रजिस्ट्रार/वसूली अधिकारी-I/तथा वसूली अधिकारी-II द्वारा मामलों की सुनवाई की अगली तिथि हेतु "Meeting ID" तथा "Password" अगली तारीख से एक दिन पहले डीआरटी के आधिकारिक पोर्टल नामतः "drt.gov.in" पर सार्वजनिक सूचना शीर्षक के अंतर्गत उपलब्ध होगा। (iii) किसी कार्याधिक्य की स्थिति में, अधिवक्ता/विवादी संबंधित पदाधिकारी से फोन नंबर 011-23748473 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर के तहत 15 जुलाई, 2023 को दिया गया।

इस न्यायाधिकरण के आदेश द्वारा,
सहायक रजिस्ट्रार

प्रतिवादी आगे पूछताछ के लिए नीचे लिखे नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।
श्री अमित के. डार, विद्वान रजिस्ट्रार, डीआरटी-I, फोन नंबर 011-23748473

### ग्रैमी अवॉर्ड के पूर्व सीईओ के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में एक महिला ने ग्रैमी अवार्ड के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नील पोर्टनाउ के खिलाफ 2018 में उसका यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को मुकदमा दर्ज कराया। महिला ने रिकॉर्डिंग अकादमी पर मामले की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए उसे भी अदालत में घसीटा है। इस महिला का नाम जाहिर नहीं किया गया है। उसने वयस्क उत्तरजीवी अधिनियम के तहत मैनहट्टन में प्रांतीय शीर्ष अदालत में मुकदमा दायर किया है। मुकदमे में महिला को अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त एक संगीतकार बताया गया है। महिला ने आरोप लगाया है कि वह 2018 की शुरुआत में पोर्टनाउ से मिली थी और साल के अंत में उनका साक्षात्कार लेने के लिए न्यूयॉर्क के एक होटल में मिलने पर सहमति जताई थी। महिला के मुताबिक, मुलाकात के दौरान पोर्टनाउ ने उसे नशीला पदार्थ मिला पेय पिलाया और फिर उसका यौन उत्पीड़न किया।

### व्यवसाई तरुण गुलाटी लंदन के भारतीय मूल के पहले मेयर बनना चाहते हैं

**लंदन।** व्यवसाई तरुण गुलाटी ने लंदन का भारतीय मूल का पहला मेयर बनने की ख्वाहिश के साथ ब्रिटेन की राजधानी में मई 2024 में प्रस्तावित मेयर चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। गुलाटी (63) ने पिछले महीने अपनी जन्मभूमि भारत की यात्रा के दौरान यह घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ भी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि लंदन, जो पिछले 20 वर्षों से उनका घर है, एक अग्रणी वैश्विक शहर बना रहे और सभी लंदनवासी सुरक्षित एवं विकास के अवसरों से सशक्त महसूस करें। लंदन में 21 सेंचुरी आइकन अवॉर्ड के सह-संस्थापक गुलाटी का मानना है कि पूरे लंदन में निम्न एवं मध्यम आय वाले परिवारों के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है और उन्हें उम्मीद है कि उनके विचार शहर के मतदाताओं को प्रभावित करेंगे, क्योंकि वह लंदन के पाकिस्तानी मूल के मेयर सादिक खान को चुनौती देने के लिए तैयार हैं। गुलाटी ने कहा, मैं लंदन के मेयर के रूप में उन देशों के बीच लोगों से लोगों के बीच संपर्क और व्यापारिक संबंध बनाकर एकजुटता बढ़ाना चाहता हूं, जिनके प्रवासी लंदन में रहते हैं।

**कामा होल्डिंग्स लिमिटेड**

KAMA Holdings

सीआईएन : एल92199डीएल2000पीएलसी104779
पंजीकृत कार्यालय : दि गैलेरिया, डीएलएफ मयूर विहार, यूनिट नंबर 236 एवं 237, द्वितीय तल, मयूर प्लेस, नोएडा लिंक रोड, मयूर विहार फेज-1 एक्सटेंशन, दिल्ली-110091
कार्पोरेट कार्यालय : ब्लॉक सी, सेक्टर-45, गुरूग्राम-122003, फोन नंबर : (+91-11) 49482870, फैक्स : (+91-11) 49482900
ई-मेल : info@kamaholdings.com; वेबसाइट : www.kamaholdings.com

30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध-वर्ष हेतु लेखापरीक्षित पृथक्कृत और समेकित वित्तीय परिणाम

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत | | | | समेकित | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | अर्द्ध-वर्ष समाप्त | | तिमाही समाप्त | | अर्द्ध-वर्ष समाप्त | |
| | | 30-09-23 | 30-09-23 | 30-09-23 | 30-09-23 | 30-09-23 | 30-09-23 | 30-09-23 | 30-09-23 |
| | | (1) | (2) | (3) | (4) | (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 5387.38 | 20028.70 | 5387.90 | 20028.92 | 320614.77 | 389251.52 | 656877.47 | 780324.37 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले | 5353.99 | 20013.10 | 5347.04 | 19991.29 | 42118.92 | 76761.60 | 91138.07 | 161263.00 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात | 5328.16 | 19566.25 | 5322.05 | 19543.87 | 29971.36 | 62461.05 | 66139.61 | 123418.12 |
| 4 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) सम्मिलित है) | 5328.35 | 19566.33 | 5321.52 | 19543.55 | 27956.40 | 49080.31 | 70339.99 | 91462.62 |
| 5 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 641.81 | 645.26 | 641.81 | 645.26 | 641.81 | 645.26 | 641.81 | 645.26 |
| 6 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) | | | | | | | | |
| | (क) मूल : | 83.02 | 303.23 | 82.92 | 302.88 | 234.92 | 596.98 | 521.26 | 1,077.01 |
| | (ख) तनुकृत : | 83.02 | 303.23 | 82.92 | 302.88 | 234.92 | 596.98 | 521.26 | 1,077.01 |

नोट : उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.kamaholdings.com) पर उपलब्ध है।

कृते एवं हिते बोर्ड
कार्तिक भरत राम
अध्यक्ष
(डीआईएन : 00008557)

स्थान : गुरूग्राम
तिथि : 09 नवम्बर, 2023